देवघर रोपवे हादसा जाँच के लिये कमेटी का गठन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड के देवघर स्थित त्रिकुट पर्वत रोपवे हादसे की जाँच के लिये झारखंड सरकार द्वारा वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- कमेटी में अध्यक्ष के अलावा तीन सदस्य बनाए गए हैं, जिनमें पर्यटन विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, नेशनल हाईवेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से नामित सदस्य के साथ आईआईटी-आईएसएम धनबाद द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य होंगे।
- इसके अलावा समिति के अध्यक्ष की ओर से देश के किसी भी संस्थान से किसी विशेषज्ञ को सहयोग के लिये बुलाया जा सकता है।
- अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गठित यह समिति दो महीने में अपनी जाँच रिपोर्ट देगी।
- उल्लेखनीय है कि देवघर के त्रिकूट पर्वत पर 10 अप्रैल को रोपवे दुर्घटना में 48 लोग फँस गए थे, जिन्हें लगभग 50 घंटे के ऑपरेशन के बाद बचाया गया था, हालाँकि इसमें तीन लोगों की मृत्यु भी हो गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/committee-formed-to-investigate-deoghar-ropeway-accident